8

# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
## अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029

फा.सं.1-22/2018-स्था.(भर्ती)

दिनांक: 06 SEP 2021

## परिपत्र

**विषय:- एम्स, नई दिल्ली में चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन के पद हेतु वेतन मैट्रिक्स लेवल-4 (पूर्व संशोधित वेतन बैंड-1 रु.5200-20200+ग्रेड वेतन 2400/-) में भर्ती (स्थानांतरण माध्यम के अंतर्गत)।**

संस्थान के नियमित कर्मचारियों से स्थानान्तरण माध्यम के अंतर्गत संस्थान में वेतन मैट्रिक्स लेवल-4 (पूर्व संशोधित वेतन बैंड-1 रु.5200-20200+ग्रेड वेतन 2400/-) में चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन के पद हेतु संस्थान के पात्र नियमित कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन के पद हेतु योग्यता / अनुभव निम्नवत है:-

| | | |
|---|---|---|
| **ग्रेड एवं स्रोत जिससे स्थानांतरण किया जाना है** | : | **वेतन मैट्रिक्स लेवल-2 (पूर्व संशोधित ग्रेड वेतन रु.1900/- में कार्यरत सभी समूह 'ग' नियमित कर्मचारी जिनके पास उक्त ग्रेड में 2 वर्षों की नियमित सेवा के साथ कक्षा 12वीं की अर्हता है / उक्त ग्रेड में 5 वर्षों की नियमित सेवा के साथ कक्षा 10वीं की अर्हता है।**<br>**अथवा**<br>**वेतन मैट्रिक्स लेवल-1 (पूर्व संशोधित ग्रेड वेतन रु.1800/-) में कार्यरत सभी समूह 'ग' [पूर्व में समूह 'घ'] नियमित कर्मचारी जिनके पास उक्त ग्रेड में 5 वर्षों की नियमित सेवा के साथ कक्षा 12वीं की अर्हता है / उक्त ग्रेड में 7 वर्षों की नियमित सेवा के साथ कक्षा 10वीं की अर्हता है।** |
| **रिक्ति की संख्या** | : | **17- (एन.सी.आई. झज्जर हेतु 02, शल्य चिकित्सा खंड हेतु 01, जे.पी.एन.ए.टी.सी. हेतु 05 एवं अन्य विभाग)।** |
| **आयु सीमा** | : | **लागू नहीं** |
| **आरक्षण** | : | **लागू नहीं** |

इस परीक्षा परिणाम का उपयोग केवल 17 रिक्तियों को भरने के लिए किया जाएगा। इस परिपत्र के जारी होने के बाद भविष्य में होने वाले किसी अन्य भर्ती हेतु इस परीक्षा परिणाम को प्रयोग करने संबंधी कोई निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ में यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जिसकी नियुक्ति एन सी. आई झज्जर के पद के लिए होगी, तो उनकी पोस्टिंग भी एन. सी. आई. झज्जर ही होगी।

संस्थान के वे नियमित कर्मचारी, जिनके पास उक्त अर्हता / अनुभव है एवं चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन के पद हेतु विचार किए जाने के इच्छुक हैं, वे **'उचित माध्यम द्वारा'** विधिवत सत्यापित, नवीन पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ सहित संलग्न प्रारूप में संबंधित विभाग / प्रभारी-अधिकारी द्वारा यथावत् अग्रेषित आवेदन जमा कर सकते हैं।

विधिवत संपूर्ण आवेदन **दिनांक 28.09.2021 तक संबंधित स्थापना अनुभाग द्वारा सत्यापित की जाना चाहिए** एवं आवेदक के संबंधित स्थापना अनुभाग के माध्यम से **दिनांक 30.09.2021** तक अधोहस्ताक्षरी को भेज दें। आवेदन की **अंतिम तिथि अर्थात् 30.09.2021 इस भर्ती हेतु इस पद हेतु योग्यता निर्धारण की कट-ऑफ तिथि होगी।** नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन, अपूर्ण आवेदन एवं 'उचित माध्यम द्वारा' नहीं भेजे गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्राप्त किया / RECEIVED
कम्प्यूटर सुविधा / Computer Facility
07 SEP 2021

[ बी. एस. गिल ]
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी

**वितरण**

1. सभी केंद्र / विभाग / चिकित्सा अभिलेख अनुभाग
2. सभी स्थापना अनुभाग / सभी सूचना पट्ट
3. प्रभारी-आचार्य, कम्प्यूटर सुविधा - **इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र के जारी होने के एक दिन के भीतर इसे अपलोड करने की व्यवस्था करें ताकि नियत अवधि के भीतर इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकें एवं उनके आवेदन पहुँच सकें।**

श्रीमती अंकिता सैनी

Scanned with CamScanner

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
नई दिल्ली:-110029
[केवल संस्थान के नियमित कर्मचारियों हेतु]

## चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन के पद हेतु आवेदन

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आवेदक का नाम | : | | सफेद बैक ग्रांउड वाले पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएं जिसे वर्तमान नियोक्ता द्वारा विधिवत सत्यापित किया जाए। |
| 2 | कार्यालय का पूरा पता एक्सटेंशन नबंर के साथ (स्पष्ट अक्षरों में) | : | | |
| 3 | जन्म की तिथि (ईस्वी सन) | : | | |
| 4 | अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति से संबंधित है? | : | | |
| 5 | मोबाइल नंबर | : | | |
| 6 | ई-मेल आई.डी., यदि कोई हो | : | | |
| 7 | इस संस्थान में नियमित आधार पर पदग्रहण की प्रारंभिक तिथि एवं पद | : | | |
| 8 | केवल नियमित आधार पर धारित पद का विवरण | : | | |
| 9 | ग्रेड वेतन | : | | |

10. शैक्षिक / तकनीकी / व्यवसायिक योग्यताएं:-

| क्र.सं. | शैक्षिक / तकनीकी योग्यताएं | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड / विश्वविद्यालय | श्रेणी | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10वीं पास | | | | |
| 2 | 12वीं पास | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |

11. अनुभव

| क्र.सं. | पदनाम | वेतन मैट्रिक्स स्तर / ग्रेड वेतन | नियमित पदग्रहण की तिथि | तैनाती का स्थान | से | तक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर
कार्यालय मुहर सहित

सत्यापन कार्यालय के मुहर और दिनांक सहित हस्ताक्षर
[स्थापना अनुभाग]

Scanned with CamScanner